# सतना एयरपोर्टः फाइलों में 'उड़ान', जमीन पर घमासान; अफसरों की सुस्ती और जनता पर 'सर्जिकल स्ट्राइक'

सतना

जिले के बहुप्रतीक्षित हवाई अड्डे के विस्तार का मामला अब एक बड़े प्रशासनिक विवाद में तब्दील हो गया है। विधानसभा में सवाल क्या उठा,जिला प्रशासन की नींद ऐसी टूटी कि आनन-फानन में बिना सोचे-समझे 'कागजी कार्रवाई' की ऐसी उड़ान भरी गई जिसने आम जनता की नींद उड़ा दी है। प्रशासन ने एक झटके में 12.45 एकड़ भूमि को शासकीय घोषित कर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नाम दर्ज कर दिया,लेकिन इस पूरी प्रक्रिया ने पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।





## हड़बड़ी में की गई कार्रवाईः क्या यह केवल 'खानापूर्ति' है?

विधानसभा में अमरपाटन विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा पूछे गए सवाल के बाद जिला प्रशासन ने जिस तेजी से नोटिस थमाए,उसे 'हड़बड़ी में की गई प्रतिक्रिया' माना जा रहा है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि एएआई ने 11 दिसंबर 2023 को अपने पत्र में 454.93 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही थी।इसके उलट,प्रशासन ने उन 269.36 एकड़ जमीनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर दिए, जिन्हें दशकों पहले नागरिक उड्डयन विभाग ने खुद 'अनावश्यक' बताकर मूल खातेदारों को लौटा दिया था।

## सॉफ्ट टारगेट बनी आम जनता, रसूखदारों पर चुप्पी

हैरानी की बात यह है कि एसडीएम सिटी और रघुराजनगर तहसीलदार के आदेशों में चयन का आधार ही स्पष्ट नहीं है। नोटिस 70 से अधिक लोगों को दिए गए,लेकिन कुछ को 'रहस्यमयी' तरीके से वैध मान लिया गया और 47 लोगों की जमीनें छीन ली गईं। एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी नोटिसों में शामिल लगभग 60% भू-स्वामी उन आराजी नंबरों से बाहर हैं,जिन्हें एएसआई ने एयरपोर्ट विस्तार के लिए चिह्नित किया था।

## असली अतिक्रमण पर मौन

रिकॉर्ड बताते हैं कि कोलगावां,सोनौरा और डेलौरा में लगभग 2000 से अधिक अतिक्रमणकारी पहले से ही एयरपोर्ट की सुरक्षित भूमि पर काबिज हैं,लेकिन प्रशासन ने उनके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया।यदि प्रशासन आज यह मान रहा है कि पूर्व के वर्षों में फर्जी तरीके से सरकारी जमीन को निजी किया गया, तो सवाल उठता है कि उन अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जिन पटवारियों और तहसीलदारों की कलम से नामांतरण,रजिस्ट्री और रिकॉर्ड दुरुस्त किए गए,वे आज भी जवाबदेही से बाहर क्यों हैं? क्या प्रशासन की नजर में केवल आम नागरिक की जमीन ही 'सॉफ्ट टारगेट' है?

## विधायक की चेतावनी और जनता का आक्रोश

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ.राजेंद्र सिंह ने दोटूक कहा है कि यदि दी गई जानकारी में त्रुटि है,तो उस पर कड़े सवाल उठाए जाएंगे। सोनौरा और कोलगावां के दर्जनों किसान और भू-स्वामी,जिनमें आनंद कुमार गुप्ता, हेमलता कापड़ी,मनीष जैन और अंकित पांडेय जैसे नाम शामिल हैं,आज अपनी ही जमीन पर बेगाने हो गए हैं। सतना एयरपोर्ट का सपना कागजों और उलझनों में फंसा हुआ है। जब तक पारदर्शी समीक्षा नहीं होगी और दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक सतना की 'हवाई उड़ान' केवल फाइलों तक ही सीमित रहेगी। जनता पूछ रही है-साहब,नोटिस हमें क्यों,उन अफसरों को क्यों नहीं जिन्होंने ये रिकॉर्ड बनाए थे?





# विश्व कैंसर दिवसः लायंस क्लब ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

सतना।

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड्स द्वारा सर्किट हाउस के समीप स्टार सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में एक विशाल निःशुल्क कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रारंभिक स्तर पर रोग की पहचान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे, जबकि अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी ने की। शिविर के दौरान कैंसर सर्जन डॉ.विनीत कुमार तिवारी,यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ.पुष्पेंद्र सिंह और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आयाचित केशरवानी सहित विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में कुल 60 मरीजों ने लाभ उठाया,जिनमें मुख कैंसर,गले के कैंसर,स्तन कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर से संबंधित संदिग्ध मामले पाए गए। विशेषज्ञों ने मरीजों को बचाव के उपाय और सही खान-पान की सलाह दी। कार्यक्रम संयोजक योगेश शर्मा ने बताया कि क्लब भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी सेवा कार्य जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप

### करौंदी कॉप प्राथमिक शाला के शिक्षक धनेन्द्र पाण्डेय निलंबित

**मैहर।** मैहर जिले में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करौंदी कॉप,संकुल नांदन के प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक धनेन्द्र कुमार पाण्डेय को शराब के नशे में स्कूल परिसर में बेहोश पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 3 फरवरी 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसमें शिक्षक श्री पाण्डेय विद्यालय परिसर में नशे की हालत में बेसुध पड़े नजर आ रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग और संकुल प्राचार्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच के दौरान टीम ने पाया कि शिक्षक चलने-फिरने की स्थिति में भी नहीं थे। उनके बैग से शराब की बोतल बरामद हुई,वहीं उनके मुंह से शराब की बदबू भी आ रही थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्यवाही की है। जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक का यह कृत्य शिक्षकीय मर्यादा के विपरीत तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन है। इसके चलते संबंधित शिक्षक को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री पाण्डेय का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामनगर नियत किया गया है। इस दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### मझगवां के जंगल में फिल्मी अंदाज में लूटः चरवाहे दंपत्ति को पेड़ से बांधा, 50 बकरियां और जेवर ले उड़े चोर

**सतना।** मझगवां थाना क्षेत्र के बराहठा जंगल में दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। लालपुर पटिहर निवासी चरवाहा रामप्रताप और उसकी पत्नी जब जंगल में बकरियां चरा रहे थे,तभी अज्ञात चोरों ने उन पर हमला कर दिया। बदमाशों ने दंपत्ति के साथ मारपीट की और उन्हें जंगल के ही एक पेड़ में रस्सी से बांध दिया। आरोपी न केवल 50 नग बकरियां लूट ले गए,बल्कि महिला के नाक की 'फुलिया' (गहना) भी जबरन छीन ली। घटना शाम करीब 4 बजे की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय और अपनी आजीविका के एकमात्र साधन 'बकरियों' को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

### वन विभाग की सांठगांठ से अवैध बालू का खेल, ईंट भट्ठों पर खप रही खनिज संपदा

**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत हिरौंदी,भरगामा और कुलदारी क्षेत्रों में वन विभाग की मिलीभगत से अवैध बालू खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,वन क्षेत्र से बड़े पैमाने पर बालू निकालकर उसे ईंट भट्ठों और कोठी जैसे क्षेत्रों में अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है।आश्चर्य की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे ट्रैक्टर और ट्रक गुजर रहे हैं,लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। इस अवैध उत्खनन से न केवल राजस्व को चूना लग रहा है,बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुँच रहा है।

### 8 सालों से फरार आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद व ढीमरखेड़ा पुलिस ने 3 गंभीर मामले में 8 सालों से फरार स्थायी वारंटी को भीलवाड़ा राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। यहा कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवं थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के संयुक्त नेतृत्व में की गई।

# सावधान! जीआरपी की यात्रियों को नसीहतः अंजान लिंक और फ्रेंड रिक्वेस्ट से रहें दूर

सतना।

रेलवे स्टेशन सतना पर प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों और मोबाइल के माध्यम से पैसों के लेनदेन में हो रहे फ्रॉड को रोकने के लिए जीआरपी चौकी सतना ने एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया।जीआरपी टीम द्वारा स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के बीच नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया,जिसमें यात्रियों को डिजिटल सुरक्षा के गुर सिखाए गए।



## साइबर सुरक्षा के लिए जीआरपी की सलाह

जीआरपी अधिकारियों ने यात्रियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि छोटी सी लापरवाही जीवन भर की कमाई को खतरे में डाल सकती है। सभा में किसी भी अनजान व्यक्ति की 'फ्रेंड रिक्वेस्ट' स्वीकार न करें। सोशल मीडिया पर बने अनजान मित्रों से अकेले मिलने जाने की गलती बिल्कुल न करें,किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही संदेहास्पद एप्लीकेशन इंस्टॉल करें। अपने मोबाइल पर TeamViewer या QuickSupport जैसे ऐप्स किसी के कहने पर इंस्टॉल न करें,क्योंकि इनसे आपके फोन का कंट्रोल ठगों के पास चला जाता है। अपनी निजी फोटो,वीडियो या बैंक संबंधी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। जीआरपी सतना ने यात्रियों से अपील की है कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होती है,तो वे तुरंत इसकी सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र मझगवां में श्रद्धा और उत्साह का संगम



**सतना।** मझगवां में क्रांति नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र द्वारा महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सतना प्रभारी राजयोगिनी बीके शशि दीदी और मझगवां संचालिका बीके मंजू दीदी के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ हुआ। कुमारी परी साहू और रौनक पांडे ने स्वागत नृत्य से सबका मन मोह लिया। एलआईसी चित्रकूट ब्रांच मैनेजर गंगा प्रसाद पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारी से जीवन जीने की कला सीखी जा सकती है। केवीके से राजेंद्र सिंह ने माउंट आबू के बेहतरीन प्रबंधन की प्रशंसा की,वहीं डॉ.अवन अग्रवाल ने गीता के श्लोकों के माध्यम से राजयोग की महिमा बताई। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। अंत में सभी ने आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक शिव ध्वज को फहराकर शांति का संकल्प लिया।

# मां-बाप की सेवा जीव पर दयाभाव करने से ईश्वर स्वयं प्राप्त होते हैंः धीरेन्द्र शास्त्री



**सतना।** शिवराजपुर गांव में धर्मवीर रुद्र प्रताप त्रिपाठी के द्वारा 11 दिवसीय श्री रुद्रमहायज्ञ आयोजन का शुभारंभ श्री बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा किया गया 18 पुराण 4वेद 6 शास्त्रों व यज्ञपीठ का पूजन किया। व्यासपीठ पर पं धीरेन्द्र शास्त्री जी का पूजन पं चंद्रशेखर त्रिपाठी ने किया तत्पश्चात पज्य सरकार द्वारा हनुमंत कथा पर प्रवचन करते हुए भक्त माता-पिता की सेवा करने वाले को ईश्वर स्वयं दर्शन देने आते हैं धरती पर भगवान स्वयं मां-बाप के रूप में है उनकी सेवा से बड़ा कोई यज्ञ नहीं व्यवस्थापक गोविंदा गर्ग ने बताया 5 फरवरी को सुबह 12 बजे दिव्य दरबार लगेगा व कथा दोपहर 3 बजे से होगी।आज की कथा में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ममता पांडे गुलाब शुक्ला मृगेंद्र सिंह सुभाष शर्मा राजदीप सिंह विनोद पांडेय कृष्ण गर्ग रामबाबू त्रिपाठी गुड्डा शर्मा जगन द्विवेदी,अवनीश शर्मा मोहित त्रिपाठी उपस्थित थे।

# आरपीएल क्रिकेटः टीआरडी और इंजीनियरिंग टीम की शानदार जीत





**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को दो रोमांचक मैच खेले गए। पहले मैच में टीआरडी ने सतना 11पीवे को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। सतना 11पीवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 104 रन बनाए,जिसमें श्रीकांत ने 29 रनों का योगदान दिया। जवाब में टीआरडी ने मात्र 8 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। विक्रम को उनके शानदार 64 रन और 2 विकेट के प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरा मुकाबला कमर्शियल बनाम इंजीनियरिंग के बीच हुआ,जो बेहद रोमांचक रहा। कमर्शियल की टीम 75 रनों पर सिमट गई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंजीनियरिंग टीम के 9 विकेट मात्र 66 रन पर गिर गए थे,लेकिन अंतिम जोड़ी ने सूझबूझ से बल्लेबाजी कर टीम को 1 विकेट से जीत दिला दी। कमर्शियल के प्रीतेश को 32 रन और 3 विकेट के लिए 'मैन ऑफ द मैच' दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद रामकुमार तिवारी मौजूद रहे। कल का मुकाबला उचेहरा एकादश बनाम आरपीएफ और सतना कैरिज वेगन बनाम रीवा वॉरियर्स के बीच होगा।

# सांसद गणेश सिंह ने संसद में उठाई चित्रकूट 'रामपथ गमन' की मांग



**सतना।** सांसद गणेश सिंह ने संसद में नियम 377 के तहत सतना और चित्रकूट के सांस्कृतिक विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं,बल्कि सनातन संस्कृति का केंद्र है,जहाँ भगवान श्री राम ने वनवास के साढ़े ग्यारह वर्ष बिताए थे। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि चित्रकूट को 'रामायण सर्किट' से पूरी तरह जोड़कर इसका वैश्विक स्तर पर विकास किया जाए।

**सांसद सिंह ने संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय से तीन प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी मांगी**

सतना-चित्रकूट 'रामपथ गमन' प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति। चित्रकूट की 84-कोसी परिक्रमा के तीर्थ स्थलों को रामायण सर्किट में शामिल करना। चित्रकूट में एक समर्पित 'रामायण संस्थान' की स्थापना, ताकि शोध और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल से न केवल आस्था का सम्मान होगा,बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और पर्यटन के माध्यम से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा।

# जन जागरूकता शिविर अबेर में पहुंचे कलेक्टर





**सतना।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक डिजिटल उर्वरक वितरण व्यवस्था ई-विकास को लेकर सतना जिले में समिति स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस ने बुधवार को रामपुर बघेलान क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जन जागरूकता शिविर अबेर में पहुंचकर किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की सुगम व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान सहकारी समिति मर्यादित चूंद उपकेन्द्र तिहाई और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान सहायक संचालक राम सिंह बागरी,जिला पंजीयक प्रभाकरण प्रकाश भी उपस्थित रहे।

# 'विकसित भारत' का संकल्प सिद्ध करने वाला बजटः राज्यमंत्री धर्मेंद्र





**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना की। उन्होंने इसे 'विकसित भारत' का संकल्प सिद्ध करने वाला बजट बताया। मंत्री लोधी ने कहा कि यह बजट गरीब,युवा,नारी शक्ति और अन्नदाता (किसान) के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। बजट में राजकोषीय घाटे को 4.5% से घटाकर 4.3% करने और 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। मंत्री लोधी ने विशेष रूप से मध्य प्रदेश के संदर्भ में कहा कि बजट से प्रदेश में सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और 'बायोफार्म शक्ति' योजना के माध्यम से निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाना स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। साथ ही,10 हजार करोड़ की लागत से बनने वाले महिला छात्रावास नारी शक्ति के आर्थिक उत्थान में सहायक होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### कुर्सी मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारी टक्कर, गंभीर हालत में कटनी रेफर



**112 एफआरवी ने मौके पर पहुंचकर घायल को पहुंचाया अस्पताल**

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग स्थित कुर्सी मोड़ के पास तेज रफ्तार मोटरबाइक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महिला की हालत को देखते हुए उसे कटनी रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार घायल महिला सुकुमार बाई पति रघुवीर, उम्र 60 वर्ष, निवासी महगवां बताई जा रही है। महिला मवेशियों के लिए चारे का गट्ठा लेकर जा रही थी, तभी अचानक तेज गति से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही 112 एफआरवी टीम गंभीरता के साथ मौके पर पहुंची। एफआरवी में तैनात आरक्षक मेहरबान सिंह एवं पायलट दिनेश दहायत द्वारा घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया। यह घटना बुधवार की दोपहर लगभग 12 से 1:00 के बीच की बताई जा रही है।

### खोरा में विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम खोरा में हर्षोल्लास के साथ विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जिला प्रचारक आदरणीय राजेंद्र जी भाईसाहब रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक रमेश सिंह जी और संत श्यामसुन्दर बाबा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनका आशीर्वाद सभी को प्राप्त हुआ। सम्मेलन के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें प्रोत्साहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने भारत माता की आरती की, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का सफल संचालन और प्रबंधन स्थानीय युवाओं के सहयोग से हुआ। अंत में शुभम राजपूत जी ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन विधि-विधान से प्रसाद वितरण के साथ हुआ। सम्मेलन मुख्य रूप से चंद्रशेखर सिंह लोधी जी रमेश सिंह शिक्षक, श्याम सुंदर बाबा जी छोटेलाल भुर्जी जी बृजेंद्र खटीक जी राम सिंह लोधी जी शुभम राजपूत शहर बड़ी संख्या में खोरा क्षेत्र के युवा साथी शामिल हुए।

# उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की तस्करी कर लाने वाले आरोपियों पर लगातार की जा रही कार्यवाही

**आरोपियों के कब्जे से करीब 17 किलो 720 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 03 लाख 50 हजार रूपये का जप्त**

## पवई एवं देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में बिक्री हेतु मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पन्ना पुलिस द्वारा विगत 02 माह मे अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के मामले मे कुल 07 प्रकरण कायम कर 15 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 01 क्विंटल गांजा कीमती करीब 15 लाख रुपये का जप्त किया गया है।

**पन्ना/पवई**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान के मार्गदर्शन में मे थाना प्रभारी पवई एवं देवेन्दनगर के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) लिये पाये जाने पर 05 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पन्ना जिले के जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, विक्रय, उत्पादन एवं भण्डारण में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशो के पालन मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो मे मुखविर तंत्र सक्रिय कर अवैध मादक पदार्थ मे संलिप्त व्यक्तियो पर कार्य्रवाहियां की जा रही है।

### थाना पवई द्वारा की गई कार्रवाई

थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील अहिरवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 संदिग्ध व्यक्ति पवई बायपास पर नये अस्पताल के पास अपने बोरियों मे जिसमे उड़िया भाषा मे कुछ लिखा हुआ है उसमे स्टील के पाइप लिये हुए है जिसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये होने की प्रबल संभावना है। थाना प्रभारी पवई द्वारा मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. पवई भावना दांगी के मार्गदर्शन पर तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पवई बायपास कटनी मार्ग रवाना किया गया। जहां पहुंचकर देखा 02 व्यक्ति अपने साथ बोरियों मे स्टील के पाइप लिये कही जाने के इंताजर मे खडे थे जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूँछताछ पर संदेहियो ने अपना-अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्तियो की बोरियो की तलाशी लिये जाने पर बोरियों मे रखे स्टील के पाइपो को खुलवाकर देखा जिसमे अवैध मादक पदार्थ सूखा गांजा कुल वजनी 8 किलो अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 01 लाख 60 हजार रुपये का पाया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा से सस्ते दामों में पन्ना एवं आसपास के जिलो मे विक्रय हेतु लाया गया था।








### नाम पता आरोपी-

1. रामगोपाल पटेल पिता जगन पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी झमटुली थाना बमीठा जिला छतरपुर
2. महेन्द्र पटेल पिता काशीराम पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी पठारी थाना बिजावर जिला छतरपुर

### थाना देवेन्द्रनगर द्वारा की गई कार्रवाई-

थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष यादव को मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि तीन युवक पन्ना जाने वाली बस के इंतजार में सतना बस स्टैण्ड क्षेत्र में खड़े हैं, जिनके पास बैग एवं थैला है तथा उनमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताए अनुसार पन्ना-सतना मुख्य मार्ग स्थित सुन्दरा तिराहा पर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध बस वाहन को रोककर तीनों संदेहियों को बस से उतारकर तलाशी ली गई। तलाशी मे आरोपियों के कब्जे से कुल 09 किलो 720 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 90 हजार रुपये है। आरोपियों के पास गांजा रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज नहीं पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा उड़ीसा राज्य से सस्ते दाम मे लाकर पन्ना एवं आसपास के जिलो में विक्रय हेतु लाना स्वीकार किया। उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से थाना देवेन्द्रनगर में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### नाम पता आरोपी -

01. ब्रजेश निषाद पिता अंगद निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरी पोस्ट बम्हौरी थाना धाता जिला फतेहपुर (उ.प्र.)
02. पवन पटेल पिता शोभन पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पुतरयान थाना बमीठा जिला छतरपुर (म.प्र.)
03. भुमन पटेल पिता छिददी पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम पुतरयान थाना बमीठा जिला छतरपुर (म.प्र.)

जप्त सामग्री दृ उक्त दोनो प्रकरण मे आरोरियों के कब्जे से करीब 17 किलो 720 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 03 लाख 50 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

### सराहनीय योगदान -

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरी. सुशील अहिरवार, थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर संतोष यादव, चौकी प्रभारी ककरहटी सोनम शर्मा, उनि. सरिता तिवारी, सउनि आनन्द मोहन मिश्रा, प्र0आर0 धीरेन्द्र सिहं, राजीव मिश्रा, हरिराम वर्मा, सतेन्द्र बागरी, नागेद्र मांझी, आर0 रोहित, भूरी, सुशील कोल, भागीरथ ,प्रेम प्रजापती, प्रेम अहिरवार, अंकित एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन में शिक्षा समिति के जिलाध्यक्ष के मुख्य अतिथ्य में वार्षिक उत्सव सम्पन्न

*छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में षिक्षा के वर्तमान समय में बेहतर संचालन के साथ-साथ बिखेरे सांस्कृति के मंच में तरह-तरह के गीतों में नृत्य व कब्बाली रही आकर्षण का केन्द्र वहीं राम आयेगें ने भाया मन*







**पन्ना।** पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन में विगत दिवस वार्षिक उत्सव का आयोजन षिक्षा समिति अध्यक्ष संतोष यादव के मुख्य अतिथ्य में वहीं सहायक संचालक षिक्षा के विषिष्ट अतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में जहां छात्र-छात्राओं ने मंच में विभिन्न संस्कृतियों को समेटे हुए गीतों व नाटकों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी। वहीं सुविचार छवि यादव कक्षा 09 की छात्रा ने व्यक्ति किये। निष्चितौर पर वर्तमान एवं भावी समय में आपकी सोच कहीं न कहीं सदैव जानी जाती है। जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है। विचारों से ही प्रगति तथा व्यक्तित्व दोनों को जाना जाता है। पीएम श्री हाई स्कूल कुंजवन में जहां इस कार्यकम के दौरान यह नजर आया किस तरह से अंतिम छोर के व्यक्तियों में पारधी समाज की छात्रायें जो षिक्षा के माध्यम के साथ-साथ सांस्कृति कार्यक्रमों में भी देखते ही बनती है। इनकी प्रगति वहीं खेलों में भी जिन्होंने अपनी प्रतिभा साबित की इसके साथ-साथ कब्बाली की प्रस्तुति देखते ही बनती थी जिस तरह से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को अतिथियों के सामने पेष की वहीं राम आयेगें का गीत छवि यादव व अन्य सहयोगी छात्राओं ने जो प्रस्तुत किया वह भी मनमोहक साथ ही खेलों के आयोजन में जिन प्रतिभागियों ने सफलता हासिल की चाहे क्रिकेट हो या कबड्डी या अन्य खेल सभी छात्र-छात्राओ को उनके हौसला अफजाई के साथ-साथ उन्हें प्रमाण पत्र व सील्ड प्रदान करते हुए सम्मान से नवाजा गया अतिथियों के द्वारा पीएम श्री हाईस्कूल कुंजवन के प्राचार्य रजा खान के मार्गदर्षन में उनके सहयोगी स्टाफ की भूमिका इस आयोजन में महत्वपूर्ण साबित हुई वहीं कार्यक्रम का संचालन जो प्रमुख होता है जिससे कार्यक्रम की गरिमा को दिषा मिलती है बेहतर संचालन पूर्व प्रभारी प्राचार्य सुनील पाण्डेय के द्वारा किया गया था। इतना ही नहीं इस आयोजन में विषिष्ट अतिथि द्वय के रूप में पुष्पराज सिंह वरिष्ट षिक्षक साथ ही संकुल प्राचार्य अमीन खान वहीं संकुल से पधारे हुए वहीं इस आयोजन में वार्ड पार्षद की उपस्थिति रही। वरिष्ट षिक्षक साहू सर, साथ ही विद्यालय के सहयोगी स्टाप में षिक्षक प्रषांत गुप्ता, वहीं सभी षिक्षिकाओं की महति भूमिका इस कार्यकम में देखते ही बनती थी। संगीत की दिषा देने में इस कार्यक्रम में व्यवसायिक षिक्षक के रूप में जो पदस्थापना यहां हुई वह आज जानी गई। समीक्षा शर्मा जिन्होंने छात्र-छात्राओं को संगीत के माध्यम से दिषा दी है मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए अपने उदबोधन में संतोष यादव जी ने जहां पारधी छात्राओं की षिक्षा व खेलों में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जो समाज की मुख्य धारा में जोड़ते हुए प्रगति देखी उसको सराहा। साथ ही छात्रा छवि यादव के विचारों पर गौर करते हुए अन्य छात्र-छात्राओं को अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह से पीएम श्री हाईस्कूल कुजवन में गरिमामयी वार्षिक उत्सव कार्यक्रम विगत दिवस सम्पन्न हुआ। निष्चितौर पर जहां विद्यालय का प्रांगण इस आयोजन में स्वयं ही छात्र-छात्राओं की उपस्थिति से ही जाना जा रहा था इतना ही नहीं इस आयोजन में जन षिक्षा केन्द्र में सीएसी के रूप में दायित्व निर्वाहन करने वाले षिक्षक द्वय राकेष तिवारी व देव सिंह के दायित्व भी जाने गये। साक्षरता में दायित्व निभाने वाले संजय सर व सहयोगी विद्यालय की समस्त स्टाफ वहीं छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के रूप में साबित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राचार्य सुनील पाण्डेय द्वारा जिस तरह से किया गया वहीं विद्यालय में नवीन पदस्थ स्टाफ का परिचय भी इस दौरान कराया गया। निष्चितौर पर इस तरह के आयोजनों से जहां विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में षिक्षा के साथ-साथ जो दक्षता खेलों में हो या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों की प्रगति का आंकलन साबित होता है।

# सीएम राइज कन्या विद्यालय अमानगंज में कक्षा 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न



### मुख्य अतिथि साधना गुप्ता रहीं मौजूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण ने बढ़ाया उत्साह



**अमानगंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज अमानगंज में कक्षा 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जे.के. सीमेंट से श्रीमती साधना गुप्ता रहीं। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ की गई। इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्राओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 12वीं की छात्राओं ने संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य मनीष रेजा को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। साथ ही विदाई के अवसर पर केक काटा गया एवं छात्राओं ने आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम हेतु शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी अवसर पर 26 जनवरी 2026 को झांकी, परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्राचार्य मनीष रेजा द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण में रिमी तिवारी (कक्षा 12वीं) को 100 प्रतिशत उपस्थिति, आस्था यादव (कक्षा 11वीं) को मिस टॉपर, एवं अनु चौरसिया को बेस्ट बिहेवियर पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं के उत्कृष्ट परिणाम हेतु सामाजिक विज्ञान में नीरज परोहा एवं ब्यूटी विषय में दीपिका सहगल को सम्मानित किया गया। वहीं 26 जनवरी 2026 के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शिक्षक वर्ग में स्काउट में जीवेश अहिरवार, रेडक्रॉस में बेटालाल, झांकी में स्वाति लखेरा एवं आशीष खरे, तथा डांस में रवीना परवीन को भी संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्राओं द्वारा प्राचार्य मनीष रेजा को "बेस्ट प्राचार्य" सम्मान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। अंत में श्री शिवाकांत गर्ग द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बाइक से गिरकर युवक घायल, 112 स्टाफ ने पहुंचाया अस्पताल



**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलगाहा भटवा के पास बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल का नाम राजाराम आदिवासी, पिता शिवराज आदिवासी, निवासी खामरी बताया गया है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से जा रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया और घायल हो गया। घटना की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। डायल 112 स्टाफ आरक्षक 649 मेहरवान सिंह एवं पायलट हरिलाल पटेल द्वारा घायल को प्राथमिक सहायता देकर अमानगंज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

# आशा पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ताओं ने खंड चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**पवई।** खंड चिकित्सा पवई के अंतर्गत कार्य करने वाली सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता एवं आशा पर्यवेक्षकों ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत भदोरिया को आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है वे सभी अपने कर्तव्य का निर्वहन समय और पूरी ईमानदारी से करते हैं। इसके बावजूद 2025 मार्च की राशि 9000 हजार एवं नवंबर दिसंबर में किए गए कार्य का भुगतान और बीमा की राशि ड्रेस की राशि फाइलेरिया कार्यक्रम की राशि, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की (तीन साल)राशि का भुगतान अभी तक उनके बैंक खातों में नहीं किया गया है,उन्होंने कहा है कि यदि तीन दिवस के अंदर उनके समस्त प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया गया,जो शेष रह गई है, तो सभी आशा पर्यवेक्षक एवं आशा कार्यकर्ता हड़ताल पर जाएगी,जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ेगा,इसके साथ ही उन्होंने फाइलेरिया कार्यक्रम के बहिष्कार करने की भी बात कही। उन्होंने मांग की है कि उनका प्रत्येक माह का मानदेय का भुगतान जिस तरह से शासकीय कर्मचारी का एक तारीख को होता है उसी समय सीमा में किया जाए अन्यथा की स्थिति में शासन प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। जब इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत भदोरिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं व पर्यवेक्षकों का केवल एक माह का भुगतान बाकी है

# स्वामी विवेकानंद बस्ती अमानगंज का भव्य हिंदू सम्मेलन, श्रद्धा और उत्साह के साथ सिद्धिविनायक वाटिका में संपन्न

### संतों के सानिध्य में उमड़ा जनसैलाब, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



**अमानगंज।** स्वामी विवेकानंद बस्ती अमानगंज में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सिद्धिविनायक वाटिका में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धार्मिक वातावरण के बीच लोगों को संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन और भी गरिमामयी बन गया। सम्मेलन के दौरान संतों ने हिंदू धर्म, संस्कृति एवं समाज में एकता बनाए रखने का संदेश दिया। उनके प्रवचनों को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने भक्ति गीत, धार्मिक नृत्य एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सम्मेलन के समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी आगंतुकों, संत-महात्माओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और संस्कृति को मजबूत करने का कार्य करते है।

खबर संक्षेप

## पुलिस ने एक माह में 27 गुम हुए बालक-बालिकाओं को किया दस्तयाब

छतरपुर। छतरपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम/अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति, बालक, बालिकाएं एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। मेला, बाजार, धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों से गुम हुए शिशु, बालक, बालिकाएं एवं अन्य की दस्तयाबी की जा रही है। माह जनवरी 2026 में गुम हुए 27 (8 बालक 19 बालिकाएं) नोएडा, मथुरा, वृंदावन, बांदा उत्तर प्रदेश तथा पुणे महाराष्ट्र सहित विभिन्न जिलों से दस्तयाब की गई हैं। थाना सिविल लाइन द्वारा 7, थाना गढ़ी मलहरा द्वारा 5 थाना कोतवाली द्वारा 4 थाना बड़ा मलहरा एवं गौरिहार द्वारा 2-2 सहित जिले में 27 बालक बालिकाएं दस्तयाब की गई है। थाना गुलगंज में दो सप्ताह पूर्व एक गुम बालिका संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। गुम बालिका को 2 सप्ताह के अंदर जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश से दस्तयाब किया गया, विधिवत कार्यवाही की जा रही है। थाना गुलगंज की त्वरित कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक अर्पित पाराशर, सहायक उप निरीक्षक रमेश राय, प्रधान आरक्षक इशाक खान, आरक्षक दिनेश मिश्रा, मुकेश प्रजापति, महिला आरक्षक शुभि नगाइच की भूमिका रही।

## एसपी ने थाना बक्सवाहा का किया निरीक्षण



छतरपुर। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा थाना बक्सवाहा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान प्रकरणों सहित अन्य लंबित मामलों एवं शिकायतों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु प्रकरणवार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, थाना परिसर के सीसीटीवी कैमरा एवं उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों का भी निरीक्षण किया गया तथा थाने में की जा रही डिजिटल फीडिंग एवं डाटा संधारण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाने में पदस्थ सभी पुलिसकर्मियों से संवाद किया गया, आवश्यकताएं भी जानी गईं।

## खेत में काम कर रही महिला पर जंगली जानवर का हमला, चीख-पुकार से बची जान



छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार शाम एक महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। पल्कोहां गांव निवासी बेनी बाई खेत में काम कर रही थी, तभी अचानक एक जंगली जानवर ने उस पर झपट्टा मार दिया और साड़ी पकड़कर जंगल की ओर खींचने लगा। महिला का कहना है कि हमला करने वाला जानवर बाघ था, हालांकि वन विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। हमले के दौरान बेनी बाई ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। उसकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। हमले में महिला के पैरों पर दांत के गहरे निशान आए हैं। घटना के बाद एंबुलेंस न मिलने पर परिजन उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ट्रॉमा वार्ड में इलाज जारी है। वन विभाग पगमार्क के आधार पर यह तय करेगा कि हमला बाघ ने किया या तेंदुए ने।

## विश्व हिंदू परिषद प्रखंड नगर की बैठक संपन्न,

छतरपुर। विश्व हिंदू परिषद की नगर प्रखंड बैठक स्थानीय गार्डन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री रामगोपाल यादव ने की। आगामी माह में प्रत्येक वार्ड और गांव स्तर तक संगठन की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लिया गया साथ ही नगर मंत्री गणेश असाटी ने समाज के सभी वर्गों को साथ जोड़कर हिंदू संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी राहुल रैकवार ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अपनी संस्कृति और संस्कारों से अवगत कराना आवश्यक है। संगठन की शक्ति ही समाज की सुरक्षा है।

### यूजीसी के समानता विनियम 2026 के समर्थन में छतरपुर में एससी-एसटी/ओबीसी छात्रों का धरना

# छात्र नेता के बयान पर विवाद, कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता का संवर्धन विनियम, 2026 के समर्थन में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया।



छतरपुर।

छात्रों का कहना है कि ये नए नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने और वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, समान और समावेशी माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि ये विनियम बिना किसी कटौती या बदलाव के पूरे देश में तत्काल लागू किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित इक्विटी कमेटियों का गठन संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेगा तथा सामाजिक न्याय की भावना को आगे बढ़ाएगा। छात्रों ने रोहित वेमुला और पायल तड़वी जैसे दुखद मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि परिसरों में सख्त गाइडलाइन्स की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि किसी भी प्रकार के उत्पीडऩ या भेदभाव को रोका जा सके।

धरने के दौरान छात्र नेता जीवन अहिरवार ने सुप्रीम कोर्ट में इन विनियमों पर चल रही सुनवाई को लेकर तीखी टिप्पणी की और कुछ नारे लगाए, जिन्होंने राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में विवाद खड़ा कर दिया है। कुछ लोगों ने इन टिप्पणियों को उत्तेजक बताते हुए आलोचना की है, जबकि समर्थक इसे वंचित वर्गों के अधिकारों की मुखर अभिव्यक्ति मान रहे हैं। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि इन नियमों को वापस लेने, कमजोर करने या लागू न करने की कोई कोशिश हुई तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे तथा व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।




## छतरपुर में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने केंद्रीय बजट पर की प्रेस वार्ता

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने आज छतरपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान हाल ही में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और बहुउपयोगी करार देते हुए कहा कि यह विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।<श्रीमती बागरी ने कहा, हमारी सरकार ने भविष्य का बजट बनाया है। यह बजट हर क्षेत्र के लिए बहुउपयोगी है और हर क्षेत्र के लिए सुनिश्चित प्रावधान किए गए हैं। आने वाले समय में जिस चीज की डिमांड है, जिसके आधार पर भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाए, उस दृष्टि से यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने बजट के समावेशी दृष्टिकोण पर जोर देते हुए बताया कि इसमें किसानों, गरीबों, मातृशक्ति (महिलाओं) और युवाओं को संयुक्त रूप से मजबूत करने पर विशेष फोकस है। बजट का उद्देश्य देश को हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है, चाहे वह औद्योगिक क्षेत्र हो, स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, पर्यावरण हो या पर्यटन हो।

# नौगांव उपजेल में आरक्षक द्वारा मारपीट और पैसे की मांग का आरोप

### ग्रामीण पवन यादव ने एसपी-कलेक्टर को सौंपा आवेदन, झूठा मुकदमा दर्ज करने का भी दावा

छतरपुर

जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लुगासी निवासी पवन यादव पुत्र पहलवान सिंह यादव ने आज जिला एसपी और कलेक्टर को एक लिखित आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने नौगांव उपजेल में तैनात आरक्षक इतेन्द्र सिंह सिकरवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पवन यादव का कहना है कि आरक्षक ने उनसे पैसे की मांग की और बदतमीजी करते हुए मारपीट की। साथ ही धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो और अधिक मारपीट की जाएगी।



पवन यादव ने बताया कि वे 28 जनवरी 2026 को नौगांव उपजेल गए थे और 29 जनवरी को रिहा हुए। जेल में आरक्षक इतेन्द्र सिंह सिकरवार ने उनके पिता, भाई और मां का नाम पूछा। इसके बाद बदतमीजी का आरोप लगाकर मारपीट की और धमकी दी।

इस घटना के बाद पवन यादव ने 30 जनवरी को नौगांव थाने में शिकायती आवेदन देने का प्रयास किया, लेकिन थाने में आवेदन नहीं लिया गया और न ही उनकी मेडिकल लीगल सर्टिफिकेट (एमएलसी) कराई गई। उसी दिन उन्होंने उप जेल अधीक्षक, नौगांव को भी आवेदन दिया। आरोप है कि इसके बाद आरक्षक इतेन्द्र सिंह सिकरवार ने बदले की भावना से पवन यादव के खिलाफ नौगांव थाने में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। पवन यादव ने आवेदन में न्याय की मांग की है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### कलेक्टर ने बड़ामलहरा तहसील का किया औचक निरीक्षण

# राजस्व प्रकरण के निराकरण की फाइलों को कलेक्टर ने किया चेक




बड़ामलहरा।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बड़ामलहरा तहसील का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने राजस्व प्रकरणों की विभिन्न नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि फाइलों की जांच की। साथ ही गड़बड़ी मिलने एवं नियमानुसार कई कमियां मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा न्यायालीन प्रकरण नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा आदि प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। कलेक्टर ने मौके पर कुछ फाइलों को जांच हेतु जब्त कराया। कलेक्टर ने निगेटिव डिस्पोजल की फाइलों के अवलोकन में पाया कि कुछ फाइलों में दिनांक अंकित नहीं है। इसके अलावा पब्लिक डोमेन से आने वाले आवेदनों को निरस्त करने पर नाराजगी जताई और ऑनलाइन आवेदन कराने और नियमानुसार प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने लोकसेवा अंतर्गत ऑनलाइन प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने पाया कि डिस्पोजल प्रतिशत बढ़ है। लेकिन कुछ प्रकरण जिसके एक ही दिनांक पर आवेदन आए और एक ही दिन में निराकरण हो गया। साथ ही नियमानुसार प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाना पाया गया। इस संबंध में जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रीडरों को नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही लोकसेवा अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संचालक को ऑनलाइन प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कई प्रकरण बिना इस्तिहार जारी किए निराकृत किए पाए गए। इस दौरान कलेक्टर ने एसआईआर से संबंधित कार्य का निरीक्षण किया और प्राप्त आपत्तियों के निराकरण एवं नो मैपिंग के संबंधित मतदाताओं के संबंध में जानकारी ली और लंबित कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जांच उपरांत संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसडीएम आयुष जैन एवं जांच दल में कलेक्ट्रेट कार्यालय से सहायक ग्रेड-3 रामानंद पटेल, अरुण कुमार तिवारी एवं ललित कुमार वैद्य उपस्थित रहे।

## यूजीसी के विरोध में सर्वब्राह्मण महासभा ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा

महाराजपुर। यूजीसी के नए नियमों के विरोध में बुधवार को सर्वब्राह्मण समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग दोपहर 12 बजे नेगुवा रोड स्थित अटल पार्क में एकत्र हुए, जहां सभा आयोजित कर प्रस्तावित यूजीसी नियमों पर विस्तृत चर्चा की गई।सभा को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य रबिन्द्र पुरोहित ने उपस्थितजनों को यूजीसी के प्रस्तावित प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन नए नियमों से उच्च शिक्षा संस्थानों में असमानता बढऩे की आशंका है। उनके अनुसार, यह व्यवस्था सवर्ण समाज के छात्र-छात्राओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने दावा किया कि यदि यह बिल लागू रहा तो कॉलेज परिसरों में जातीय तनाव और संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे शिक्षा का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होगा। सभा में वक्ताओं ने जोर दिया कि शिक्षा व्यवस्था का मूल उद्देश्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान



करना होना चाहिए। समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस बिल पर पुनर्विचार किया जाए और सभी समुदायों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित निर्णय लिया जाए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि किसी भी नई नीति को लागू करने से पहले व्यापक जनसंवाद और सामाजिक सहमति आवश्यक है।

सभा के बाद ब्राह्मण समाज के लोग जुलूस के रूप में महाराजपुर तहसील पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में प्रवेश किया और तहसीलदार लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी बिल को वापस लेने या उसमें आवश्यक संशोधन करने की मांग की गई है। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगे व्यापक और उग्र आंदोलन किया जाएगा। तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे शासन स्तर तक भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, ताकि कोई अव्यवस्था न फैले। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ब्राह्मण समाज के लोग, युवा, छात्र एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# पुलिस ने जिला बदर आदतन अपराधी तालिब खान को फोरलेन हाईवे से किया गिरफ्तार



छतरपुर।

**पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर प्रस्तावित कार्यवाही हेतु एवं जिला बदर किए गए अपराधियों के जिले की भौगोलिक सीमा के अंदर पाए जाने पर गिरफ्तारी कर विधिवत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है।**

थाना कोतवाली क्षेत्र के बड़ी कुंजरहटी मोहल्ला का निवासी तालिब उर्फ इब्राहिम खान पिता जुम्मन खान जो एक आदतन अपराधी है, उसके विरुद्ध हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, अवैध शराब, एससी एसटी जैसे 12 अपराध दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में भी जिला बदर रहा था और नियमों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कार्यवाही की गई थी। पुलिस की प्रस्तावित कार्यवाही पर आदतन अपराधी तालिब खान को जिला दंडाधिकारी छतरपुर के आदेश के अनुसार जिले की भौगोलिक सीमा से बाहर जिला बदर किया गया था।

थाना कोतवाली पुलिस को विगत दिवस उक्त आदतन अपराधी के जिला बदर होने के पश्चात नियमों का उल्लंघन कर जिले की सीमा क्षेत्र के अंदर होने की सूचना प्राप्त हुई। जिला बदर आदतन अपराधी तालिब ऊर्फ इब्राहिम खान को फोरलेन हाईवे रेस्टोरेंट के पास से अभिरक्षा में लेकर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता एवं मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रथक से अपराध पंजीबद्ध कर अभियुक्त को विधिवत को न्यायालय पेश किया गया। उक्त अभियुक्त एक अवैध हथियार के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी भी था।

उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, प्रधान आरक्षक उमाशंकर शुक्ला, राजेश बागरी, आरक्षक शिव प्रताप दीपचंद्र एवं टीम की भूमिका रही।



## पुलिस ने 10 किलो गांजा सहित तस्कर को किया गिरफ्तार

छतरपुर।

पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना बमीठा पुलिस को विगत रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम मझगुंवा में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा मझगुंवा गौशाला के पास पहुंचकर ई स्कूटी से जा रहे संदेही को रोका गया। तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा प्राप्त हुआ। अवैध मादक पदार्थ 10 किलोग्राम गांजा, प्रयुक्त ई स्कूटी कुल संपत्ति कीमत करीब दो लाख रूपए बरामद कर तस्कर देवकरण पटेल उर्फ कुशमरिया पिता अच्छे लाल पटेल निवासी ग्राम टपरिया थाना बमीठा जिला छतरपुर के विरुद्ध थाना बमीठा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तस्कर थाना शाहनगर जिला पन्ना में एनडीपीएस के अपराध में पूर्व से लिप्त है। विधिवत कार्यवाही की गई, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।उ क्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय, उनि संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्य प्रकाश बाजपेई, रामकृपाल शर्मा आरक्षक दीपांशु सचान, उदयवीर सिंह, निकेश यादव, अरविंद राय, भानु पटेल एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# यूजीसी के विरोध में राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के सर्व ब्राह्मण महासभा ने नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

### कानून वापस नहीं लेने पर होगा उग्र आंदोलन

महाराजपुर।

**यूजीसी के नए नियमों के विरोध में बुधवार को सर्वब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग दोपहर 12 बजे नेगुवा रोड स्थित अटल पार्क में एकत्रित हुए, जहां सभा आयोजित कर प्रस्तावित यूजीसी नियमों पर चर्चा की गई।**

सभा को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ सदस्य रबिन्द्र पुरोहित ने उपस्थित लोगों को यूजीसी के प्रस्तावित प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से उच्च शिक्षा संस्थानों में असमानता बढऩे की आशंका है। उनके अनुसार, यह व्यवस्था सवर्ण समाज के छात्र-छात्राओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा दे सकती है। उन्होंने दावा किया कि यदि यह बिल लागू रहा तो कॉलेज परिसरों में जातीय तनाव और संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे शिक्षा का वातावरण प्रभावित होगा।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को समान अवसर देना होना चाहिए। समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि केंद्र सरकार इस बिल पर पुनर्विचार करे और सभी समुदायों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संतुलित निर्णय ले। वक्ताओं ने यह भी कहा कि किसी भी नई नीति को लागू करने से पहले व्यापक जनसंवाद और सामाजिक सहमति आवश्यक है। सभा के बाद ब्राह्मण समाज के लोग जुलूस के रूप में महाराजपुर तहसील पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए तहसील परिसर में प्रवेश किया और तहसीलदार लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी बिल को वापस लेने या उसमें संशोधन करने की मांग की गई है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आगे व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे शासन स्तर तक भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था भी की गई थी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

प्रदर्शन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ब्राह्मण समाज के लोग, युवा, छात्र एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका आंदोलन लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में रहकर जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार छात्रों और समाज के सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एकजुटता का संकल्प लिया और शिक्षा व्यवस्था में समान अवसर की मांग की है ज्ञापन कार्यक्रम में पं आलोक चतुर्वेदी, रामशरण नायक, पप्पू पुरोहित, संतोष द्विवेदी, रविकरन नायक,अखिलेश अरजरिया,हरिओम मिश्रा,ब्रजेश नायक, हरि चौबे,राकेश गौतम,गोविन्द सिंह,राकेश रिछारिया, अशोक तिवारी,शंभूदयाल, रिछारिया, दयाराम उपाध्याय, संदीप द्विवेदी, सीताशरण रिछारिया, नीरज तिवारी के साथ सैकड़ो की संख्या में सवर्ण समाज के साथी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज रीवा के छात्रों के बीच रैंकिंग और गुंडागर्दी का परिदृश्य अत्यंत आपत्तिजनक: उपमुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) के गृहनगर में हुई खूनी हुडदंग के लिए प्रशासनिक जवाबदेही तय हो : अजय खरे

**रीवा**। सोमवार 2 फरवरी को स्थानीय श्याम शाह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ छात्रों के बीच लाठी डंडे और बेल्ट से हुई मारपीट पर समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने संबंधित घटना को अत्यंत गैर जिम्मेदाराना बताते हुए निंदा की और उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। श्री खरे ने कहा कि मेडिकल छात्रों का वरिष्ठ और कनिष्ठ समूह में विभाजित होकर खून-खराबा की स्थिति में जाना बहुत चिंताजनक शर्मनाक बात है। ऐसा लगता है कि मेडिकल कॉलेज में अभी भी प्रतिबंधित रैंकिंग जैसा अवांछित माहौल कायम है। उपमुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) राजेंद्र शुक्ल के विधानसभा क्षेत्र एवं अमहिया थाना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज रीवा परिसर में हुए मेडिकल छात्रों का विवाद का गुण्डागर्दी में बदल जाना दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मेडिकल कॉलेज की अनुशासनहीनता बहुत गंभीर है। प्रतिबंधित रैंकिंग को नहीं रोक पाना मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की अक्षमता है। मेडिकल कॉलेज के छात्रों के बीच जिस तरह से मारपीट हुई उससे यह साफ जाहिर होता है कि संबंधित शासकीय अस्पताल में मरीजों और परिजनों से होने वाले विवाद और मारपीट की घटनाओं को भी ऐसे अराजक तत्व अंजाम देते हैं। श्री खरे ने कहा कि रीवा में नर्सों को भी न्याय के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है। नर्सिंग महाविद्यालय में पढ़ रही छात्राओं को भी अपने सुरक्षित भविष्य के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी है। उपमुख्यमंत्री (स्वास्थ्य) राजेन्द्र शुक्ला के विधानसभा क्षेत्र गृहनगर रीवा में मेडिकल कॉलेज का माहौल खराब होना बहुत अप्रिय वारदात है। इसकी प्रशासनिक जवाबदेही तय कर दोषियों को दण्डित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी के रूप में डॉ. मधु पटेल का हुआ चयन



**रीवा**। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी परीक्षा-2024 में डॉ. मधु पटेल पिता स्व. बृजेन्द्र कुमार पटेल एवं माता पुष्पा पटेल का चयन हुआ है। परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त कर अपने परिवार,क्षेत्र एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया। डॉ. मधु पटेल रीवा जिले की निवासी हैं। वर्तमान में वे वेटनरी ऑफिसर के पद पर जिला सिंगरौली ब्लॉक देवसर में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा से पूर्ण किया है। अपनी कड़ी मेहनत,लगन एवं अनुशासित अध्ययन के माध्यम से उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चयन की सूचना मिलते ही महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ. बृजेश ओझा,डॉ. अभिलाषा सिंह,डॉ. कुमार गोविल सहित समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी व परिवारजनों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. मधु पटेल ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता,मित्रगण,परिवारजनों एवं गुरुजनों को दिया। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### पनवार कुटी आश्रम में संपन्न हुआ विशाल हिन्दू संत सम्मेलन

**रीवा**। सनातन धर्म की अलख जगाने धार्मिक संस्थाएं लगातार कार्यरत हैं इसी कड़ी में श्रीनरसिंहदास सिद्धाश्रम कुटी पनवार में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजित हुआ। जिसमें सुबह भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ तदुपरांत 151 भक्तों द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। यह पाठ सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह के मुखारबिन्दु से किया गया। पूजन आरती का कार्य सन्त श्रीनरसिंहदास सिद्ध आश्रम कुटी के अध्यक्ष आचार्य रामसुशील मिश्र के द्वारा सम्पन्न किया गया।

## अमेरिका के आगे नहीं झुका भारत, अपनी शर्तों पर हुई ट्रेड डील

# केंद्रीय बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक विकास का ऐतिहासिक अवसर: कैलाश विजयवर्गीय

रीवा।




मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश और प्रदेश के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह बजट मध्यप्रदेश की दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। बुधवार को रीवा प्रवास के दौरान आयोजित पत्रकार-वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्पों को यह बजट जमीन पर उतारने वाला साबित होगा। पत्रकार-वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र गुप्ता, विधायक नरेंद्र प्रजापति, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी डॉ. अनिल पटेल, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी है, जिसमें आर्थिक विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और 'सबका साथ, सबका विकास' की परिकल्पना को साकार किया गया है।उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास और लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने से मध्यप्रदेश को विशेष लाभ मिलेगा। बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के कैपिटल एक्सपेंडिचर और सात हाई-स्पीड कॉरिडोर के निर्माण का प्रावधान किया गया है, जो उद्योग और रोजगार सृजन को नई गति देगा। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि बजट में राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत तक लाने का रोडमैप तैयार किया गया है। साथ ही देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की योजना है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि 22,500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी बजट की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे मध्यप्रदेश को सुदृढ़ वित्तीय आधार मिलेगा, निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और प्रदेश की विकास गति तेज होगी।युवा-प्रेरित और रोजगारोन्मुख बजटकैलाश विजयवर्गीय ने बजट को युवा शक्ति प्रेरित बजट बताते हुए कहा कि इसका मूल उद्देश्य तेज और सतत आर्थिक वृद्धि, क्षमता निर्माण और सभी क्षेत्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना है। आत्मनिर्भरता को मार्गदर्शक सिद्धांत बनाकर उच्च विकास दर बनाए रखने के स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। वैश्विक बाजारों से जुड़ाव, निर्यात विस्तार और दीर्घकालिक निवेश आकर्षित करने की रणनीति का लाभ आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश को मिलेगा।स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा बजटकैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि केन्द्रीय बजट में फिस्कल डेफिसिट (राजकोषीय घाटा) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत तक लाने का रोडमैप तैयार किया है। साथ ही देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। रेयर अर्थ मिनरल्स के क्षेत्र में ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में बड़े निवेश की योजना बनाई गई है, जिससे इस क्षेत्र में चीन की निर्भरता कम होगी। सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए लगभग 40 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा केमिकल पार्क और नए इकोनॉमिक जोन स्थापित करने की भी घोषणा हुई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों का उन्नयन कर उनमें ट्रामा सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रावधान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार लाएंगे। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है। यह महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम है। भारत ने अमेरिका से अपनी शर्तों पर की डील पत्रकार वार्ता में भारत-अमेरिका ट्रेड डील व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयान को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि भारत अमेरिका के आगे नहीं झुका है, बल्कि अपनी शर्तों पर समझौता किया है। उन्होंने कहा कि यूरोप के साथ हुई डील के बाद भारत ने अमेरिका से भी मजबूत स्थिति में समझौता किया, जिसका सकारात्मक असर शेयर बाजार और रुपये की मजबूती के रूप में सामने आया है।बजट के जरिए यूपीए पर निशानामंत्री ने बजट के आंकड़ों के माध्यम से पूर्व यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2013-14 में केंद्रीय बजट का आकार 16.63 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 53.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है। कृषि बजट 27 हजार करोड़ से बढ़कर कई गुना हुआ है, शिक्षा बजट 63,859 करोड़ से बढ़कर 1.39 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि स्वास्थ्य बजट भी 2.3 लाख करोड़ से बढ़कर 7.84 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि असम, मेघालय और नागालैंड जैसे पूर्वोत्तर राज्यों पर पहले पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जबकि देश की सुरक्षा और विकास की दृष्टि से ये राज्य बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस बजट में इन राज्यों के आर्थिक विकास, पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही एमएसएमई शहरी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और कैंसर की दवाइयों को टैक्स-फ्री करने जैसे निर्णय आम जनता को सीधा लाभ पहुंचाएंगे।अंत में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी विकासशील राज्यों की कतार में खड़ा करेगा।



## रेवांचल एक्सप्रेस बनी चोरों का अड्डा, सोते यात्री की जेब से उड़ा मोबाइल

### रीवा भोपाल रूट पर बढ़ी चोरी की घटनाएं, यात्री असुरक्षित

**रीवा**। रीवा को राजधानी भोपाल से जोड़ने वाली रेवांचल एक्सप्रेस इन दिनों यात्रियों के लिए असुरक्षा का पर्याय बनती जा रही है। ट्रेन में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से यात्रियों में दहशत का माहौल है। आए दिन रीवा से भोपाल और भोपाल से रीवा की यात्रा करने वाले यात्री चोरों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला बीते एक दिन पूर्व का है, जब रानी कमलापति स्टेशन से रीवा आ रहे एक यात्री की जेब से कीमती मोबाइल चोरी हो गया। पीड़ित को इस घटना की जानकारी कटनी मुड़वारा स्टेशन के पास पहुंचने के बाद हुई। उसने तत्काल रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन उसे मौके पर किसी तरह की कोई मदद नहीं मिल सकी। पीड़ित यात्री अनुज प्रताप सिंह, निवासी पड़रा ने बताया कि वह 3 फरवरी को रानी कमलापति स्टेशन से रेवांचल एक्सप्रेस के कोच नंबर बी-4 में सवार होकर रीवा आ रहा था। यात्रा के दौरान जब वह अपनी सीट पर सो रहा था, तभी किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब से कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिया। नींद से जागने पर जब उसने जेब टटोली, तो मोबाइल गायब मिला। अनुज प्रताप सिंह के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही उसने कटनी के पास रेलवे हेल्पलाइन पर संपर्क किया, लेकिन न तो मौके पर किसी प्रकार की जांच की गई और न ही कोई ठोस सहायता प्रदान की गई। अंततः रीवा पहुंचने के बाद पीड़ित ने जीआरपी थाने में पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ट्रेन में लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से मामले की जांच की जा रही है तथा जल्द ही चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि रेवांचल एक्सप्रेस में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस ट्रेन में यात्रियों के मोबाइल, पर्स और अन्य कीमती सामान चोरी होने की कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही घटनाओं के चलते अब यात्री इस ट्रेन में सफर करने से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## शिक्षक शालिक राम तिवारी का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह संपन्न



मऊगंज

जिले के जनपद शिक्षा केन्द्र नईगढ़ी के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया लखन खोरिहान में प्राथमिक शिक्षक एवं पूर्व प्रधानाध्यापक शालिक राम तिवारी के सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक, छात्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।तिवारी ने 13 अगस्त 1997 से 31 जनवरी 2026 तक लगभग 28 वर्षों तक शिक्षा विभाग में सेवाएँ दीं। अपने दीर्घ सेवाकाल में उन्होंने शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक के रूप में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान दिया।समारोह में प्रमुख रूप से कमला शंकर मिश्रा, राम अवतार शर्मा, अशोक सिंह पटेल, पवन वंशकार, पारस नाथ द्विवेदी, ज्ञानेंद्र प्रकाश, रंजन लाल कोल, रामनरेश सोंधिया, विद्यानंद शर्मा, रवि सिंह, रमेश प्रसाद कुशवाहा, राम लल्लू कोल, दिनेश कोल, बृजराज सोनी, महेंद्र नारायण मिश्रा, अशोक कुमार पाठक, नारायण प्रसाद शुक्ला, भैया लाल मिश्रा, प्रभात कुमार साकेत, रजनीश कुमार पटेल, मदन सिंह, यज्ञ नारायण केवट सहित सेवानिवृत्त शिक्षक प्रद्युम्न प्रसाद शर्मा, राजमणि शर्मा, निराशा शर्मा, कमलनयन शर्मा, दिनेश तिवारी एवं पंडित चूड़ामणि चतुर्वेदी की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन विद्यानंद शर्मा ने किया। वक्ताओं ने श्री तिवारी के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासनप्रिय कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सुखमय जीवन की कामना की।समारोह के अंत में श्री तिवारी को शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## गंभीर एनिमिक हर गर्भवती महिला का उचित उपचार प्रबंधन करें - कलेक्टर

## पोर्टल में तथ्यहीन डाटा दर्ज करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें

रीवा



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति तथा जिला पोषण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने, कुपोषण पर नियंत्रण तथा महिलाओं एवं शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए समन्वित प्रयास करें। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर तक समन्वय से प्रयास करें। कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में तत्परता से कार्यवाही करें। गर्भवती हर महिला का समय पर पंजीयन कराकर नियमित जाँच कराएं। गंभीर एनिमिक महिला को समय पर आयरन सुक्रोज तथा आवश्यकता होने पर खून चढ़ाने की व्यवस्था करें। इनकी जाँच तथा उपचार से संबंधित डाटा पोर्टल पर सही तथ्यों के साथ फीड करें। पोर्टल में तथ्यहीन डाटा दर्ज करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करें। अगले महीने यदि डाटा फीडिंग में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित बीएमओ, मेडिकल आफीसर तथा सीएचओ पर भी कार्रवाई की जाएगी। बीएमओ पोर्टल पर दर्ज डाटा का सेक्टरवार विश्लेषण करें। डाटा फीडिंग में जो एएनएम और आशा कार्यकर्ता लापरवाही बरत रही है उस पर सीएमएचओ कड़ी कार्रवाई करें।कलेक्टर ने कहा कि सिरमौर, जवा तथा त्योंथर में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं उपचार प्रबंधन दोनों की स्थिति ठीक नहीं है। इसमें सुधार करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सोमवार तक सभी विकासखण्डों में प्रशिक्षण शिविर लगाकर एएनएम तथा आशा कार्यकर्ताओं को विभागीय कार्यों एवं डाटा फीडिंग की जानकारी दें। मेडिकल कालेज तथा निजी अस्पतालों में भर्ती होने वाली गर्भवती महिलाओं का भी डाटा पोर्टल में फीड कराएं। जिला अस्पताल के एसएनसीयू में बेड खाली रहते हैं। विकासखण्डों से गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को जिला चिकित्सालय रेफर करें। उन्हें सीधे मेडिकल कालेज रेफर न करें। सिविल सर्जन बेडों की उपलब्धता के अनुसार समन्वय बनाकर शिशुओं को भर्ती कराएं। पोषण पुनर्वास केन्द्र के सभी बेडों में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रत्येक परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षक को इस संबंध में सचेत करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र से डिस्चार्ज होने के बाद बच्चों का पूरा फॉलोअप करें।कलेक्टर ने कहा कि जिला क्षय अधिकारी अभियान चलाकर सभी क्षय रोगियों को चिन्हित करें। उन्हें निःशुल्क दवा के साथ फूड बास्केट उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। शिशुओं के सम्पूर्ण टीकाकरण में लक्ष्य के अनुसार जो अन्तर है उसे फरवरी माह के अंत तक पूरा कराएं। इसके लिए टीकाकरण के स्पेशल सेशन भी जनरेट करें। यूविन पोर्टल में टीकाकरण की जानकारी समय पर दर्ज कराएं। आयुष्मान कार्ड के लिए शेष बचे पात्र हितग्राहियों को अभियान चलाकर 15 दिवस में सभी का कार्ड बनाएं। इसके लिए शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग लें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण आहार के वितरण की कड़ी निगरानी करें। पोषण ट्रैकर में 21 दिन से कम उपस्थिति होने पर कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने मातृ वंदना योजना, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा कुपोषण पर नियंत्रण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिशु अथवा गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान मौत होने पर पूरे प्रकरण की 13 दिन में जांच करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। हर प्रकरण की ऑडिट अनिवार्य रूप से करें। बैठक में दो प्रकरणों की ऑडिट की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि पोर्टल में डाटा एन्ट्री में लापरवाही बरतने वाली तीन एएनएम को निलंबित किया गया है तथा 5 के वेतन काटने की कार्यवाही की गई है। टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत 4 लाख 69 हजार व्यक्तियों की जाँच की गई है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। निजी अस्पतालों तथा मेडिकल कालेज में भर्ती होने वाली गर्भवती महिलाओं का डाटा भी एक फरवरी से फीड किया जा रहा है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. केबी गौतम, डॉ. चौधरी, डॉ. नरेश बजाज तथा सभी बीएमओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# 10 फरवरी से 8 जिलों के 12 ब्लॉक में संचालित होगा एमडीए अभियान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अभियान में शामिल करने के दिए निर्देश

### स्टेट टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा

**रीवा**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति और कार्ययोजना की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग अंतर्विभागीय समन्वय और जागरूकता से फायलेरिया को जड़ से ख़त्म करने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करें। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल कर आमजन को दवाओं के सेवन के प्रति जागरूक करने में सहयोग लें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग मैदानी अमलों से 10 फ़रवरी से प्रारंभ हो रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) जमीनी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करें साथ ही अभियान में आम जन की सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, जनसंपर्क, वन, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास और आवास सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्टेट टास्क फ़ोर्स की बैठक में वर्तमान में प्रदेश में लिम्फेटिक फायलेरियासिस बीमारी की स्थिति, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) चक्र-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक्शन प्लान और फायलेरिया उन्मूलन गतिविधियों के संचालन हेतु अन्य विभागों से अपेक्षायें एवं सहयोग के विषयों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर से प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि एमडीए अभियान में वितरित दवाओं का अवश्य सेवन करें। फायलेरिया के उन्मूलन में सहयोग करें। मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि एमडीए 2026 में मध्यप्रदेश के 8 जिलों छतरपुर, पन्ना, उमरिया, मउगंज, टीकमगढ़, निवाड़ी, शहडोल और भिंड के 12 ब्लॉक में एम.डी.ए अभियान का संचालन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एमडीए 2025 में मध्य प्रदेश के 9 जिलों के 23 ब्लॉक में एमडीए का क्रियान्वयन किया गया था। प्रदेश में 10 फरवरी से 8 जिलों के 12 चिन्हित विकासखण्डों में प्रशिक्षित दवा सेवकों के माध्यम से बूथ डे एवं घर-घर भ्रमण के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन समस्त पात्र हितग्राहियों को कराया जाएगा। एमडीए के सघन और सफल क्रियान्वयन करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 दिन का माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। इसके तहत 4 दिन बूथ स्तर पर, 7 दिन घर-घर अभियान और 4 दिन में शेष रह गई जनता के लिए मॉप-अप गतिविधि की जायेंगी। शत-प्रतिशत दवा सेवन के लिए उच्च/वर्तमान संचरण क्षेत्रों में आमजन को जागरूक और प्रेरित किया जाएगा।



विभिन्न विभागों से ज़मीनी सहयोग प्राप्त करने के लिए विभागवार अपेक्षाओं को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री धनराजु एस, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। फायलेरिया संक्रमित मच्छर (क्यूलेक्स) के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। यह बीमारी एक धागे के समान कृमि वुचरेरिया बेनक्रफ्टाई से होती है। प्रदेश में फायलेरिया बीमारी संक्रमण हेतु क्यूलेक्स क्वींक्वीफेसियेटस प्रमुख वाहक मच्छर है। यह मच्छर सामान्यतः गंदे एवं रूके हुए पानी में प्रजनन करता है। फायलेरिया बीमारी के प्रमुख लक्षण प्रारंभिक अवस्था में लगातार बुखार, प्रभावित अंगों (पैरों/हाथ/अण्डकोष/स्तन) में दर्द एवं सूजन है, जो कि धीरे-धीरे हाथी पांव के समान हो जाती है। संक्रमण के 8 से 10 वर्षों के बाद भी उपरोक्त लक्षण प्रकट हो सकते है। राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन हेतु मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए), मोर्बिडिटी मैनेजमेंट ऐंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) गतिविधियाँ की जा रही हैं। एमडीए में प्रत्येक वर्ष में 1 बार 2 साल से अधिक उम्र (2 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) के जनसमुदाय को निर्धारित मात्रा में डी.ई.सी (डाय इथाईल कार्बामैज़ीन) एवं एल्बेण्डाजोल दवा का सेवन कराया जाता है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं कराया जाना है। नवीन नीति अनुसार चिन्हित जिलों में इन दो दवाओं के साथ आईवरमेक्टिन दवा का भी उपयोग किया जा रहा है जिसे आईडीए का नाम दिया गया है।

## रीवा में मऊगंज कलेक्टर के विरोध में प्रदर्शन, अर्धनग्न होकर किया मुंडन संस्कार

**रीवा**। जिले से अलग होकर नवगठित मऊगंज जिला गठन के बाद से ही लगातार विवादों और आंदोलनों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। बीते कई महीनों से मऊगंज कलेक्टर के निज सचिव के खिलाफ चले आंदोलन के बाद अब विरोध की आंच सीधे मऊगंज कलेक्टर तक पहुंच गई है। इसी कड़ी में सोमवार को मऊगंज जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने रीवा संभागायुक्त कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कड़ाके की ठंड के बीच अर्धनग्न होकर धरना दिया और विरोध के प्रतीक स्वरूप सिर का मुंडन संस्कार कराया। धरने में मऊगंज के शिक्षक मुद्रिका त्रिपाठी, एक सेवानिवृत्त शिक्षक सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मुंडन संस्कार के माध्यम से वे शासन-प्रशासन को व्यवस्था परिवर्तन का संदेश देना चाहते हैं। उनका आरोप है कि मऊगंज कलेक्टर द्वारा संवैधानिक मर्यादाओं की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और प्रशासनिक तानाशाही के चलते आम नागरिकों व कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। आंदोलनकारियों ने संभागायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मऊगंज कलेक्टर को तत्काल निलंबित करने की मांग की। इसके साथ ही फरियादिया शिक्षिका शकुंतला नीरत के कथित कूटरचित निलंबन को समाप्त कर उन्हें तत्काल बहाल करने की भी मांग रखी गई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शिक्षिका को बिना ठोस आधार के निलंबित किया गया, जो प्रशासनिक मनमानी का उदाहरण है। धरने और मुंडन संस्कार की सूचना मिलते ही स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और जब तक उचित कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। उल्लेखनीय है कि मऊगंज जिला बनने के बाद से ही वहां प्रशासनिक फैसलों को लेकर लगातार असंतोष देखने को मिल रहा है। पहले निज सचिव के खिलाफ आंदोलन और अब कलेक्टर के विरोध में संभागीय मुख्यालय तक पहुंचा यह प्रदर्शन शासन के लिए भी एक गंभीर संकेत माना जा रहा है। फिलहाल प्रशासन की ओर से ज्ञापन पर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।





## ग्लोबल एकेडमी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम रहे मुख्य अतिथि

**मऊगंज**। जिले की ग्लोबल एकेडमी विद्यालय बहुती में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 2026 दिनाँक 03-02-2026 को गिरीश गौतम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक देवतलाव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा जिला मऊगंज वंशगोपाल तिवारी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, डॉ. कृपाशंकर मिश्रा (डायरेक्टर, गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर) देवेंद्र शुक्ला (जिला पंचायत सदस्य सोनू गुप्ता (नगर पंचायत अध्यक्ष, हनुमना), श्रीमती शैलजा गुप्ता (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, हनुमना) इंद्रमणि प्रसाद द्विवेदी उर्फ मुन्ना झरी, डॉ. अरुण कुमार द्विवेदी (सरपंच, गौरी) की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा, अर्चना से हुई तथा मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्टि अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि गिरीश गौतम ने अपने उदबोधन में बच्चों को जीवन मे एक अच्छा इंसान बनने एवं सफलता की ऊंचाइयों को छूने को प्रेरित किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रबंधक नारायण मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रजनीश मिश्रा एवं प्राचार्य अविनाश कुमार तिवारी ने सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।